# एक ब्रिस्बेन कई सँस्कृतियाँ

**सँस्करण 17:** सितंबर से नवंबर 2018



ऑकलैंड, न्यू ज़ीलैंड

## ब्रिस्बेन के बंधु नगर

क्या आपको पता है कि ब्रिस्बेन के नौ बंधु नगर हैं?

ब्रिस्बेन के बंधु नगर हैं – आबू धाबी, ऑकलैंड, चोंगकिंग, डाएजन, हैदराबाद, काओशुंग, कोबे, सेमारांग और शेन्ज़ेन। बंधु नगर काउंसिल के लिए हमारे नगर में व्यापारों के लिए व्यावसायिक परिणाम चलाने का एक मंच हैं। प्रत्यक्ष व्यवसाय परिचय सुविधा और लॉर्ड मेयर के व्यवसाय मिशनों सहित अन्य कई पहलों के माध्यम से ब्रिस्बेन के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक परिणाम प्राप्त किए गए हैं।

अगर आप इनमें से किसी भी नगर में अपने व्यापारिक संबंधों का विस्तार करने में रुचि रखते/रखती हैं, या अगर आप ब्रिस्बेन के बंधु नगरों में अपनी मौजूदा व्यापारिक संलग्नता को और अधिक गहरा बनाना चाहते/चाहती हैं, तो **InternationalRelations@brisbane.qld.gov.au** पर ईमेल भेजें।

## और विजेता हैं...

ब्रिस्बेन के 570 से भी अधिक व्यवसाय-अग्रणी अगस्त में 2018 लॉर्ड मेयर बहुसाँस्कृतिक व्यवसाय रात्रिभोज और पुरस्कार के लिए उपस्थित थे।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े जर्मन महोत्सव ओक्टोबरफेस्ट ब्रिस्बेन के निदेशक और सह-स्वामी के रूप में उनके कार्य को मान्यता देने के लिए किम ज़ूलेक को निक ज़िनियास वर्ष के बहुसाँस्कृतिक युवा व्यवसायी का पुरस्कार मिला।

फियोना की को वर्ष का बहुसाँस्कृतिक व्यवसाय व्यक्ति नामित किया गया। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के बाज़ार में मौजूद फासले की पहचान करके फियोना ने 2014 में ऑस्ट्रेलियन इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस टेक्नोलॉजी (एआईबीटी) की स्थापना की। अब घाना और सिंगापुर में एआईबीटी की कई शाखाएँ हैं, और यह एशिया में विस्तार करने की सोच रहा है।

एक अभिनव सॉफ्टवेयर विकास और सूचना व सँचार प्रौद्योगिकी कंपनी 1आईसीटी के सह-सँस्थापक, मैथ्यू सिन को वर्ष के बहुसाँस्कृतिक उद्यमी का पुरस्कार मिला।

किम ज़ूलेक

फियोना की

सतीश नायडू (मैथ्यू सिन के लिए)

## लॉर्ड मेयर ग्राहम क्वर्क की ओर से एक संदेश

हमारे जीवंत नगर में वसंत का मौसम रोमाँचक घटनाओं से भरा मौसम है।

8–29 सितंबर की अवधि में पूरे नगर में ब्रिस्बेन महोत्सव के दौरान रंगमंच, संगीत, सर्कस, ओपेरा और प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इसमें सभी आयु-वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ है। शनिवार 29 सितंबर को सनसुपर रिवरफायर के साथ महोत्सव का समापन होगा, जिसमें पूरा नगर और नदी संगीत के साथ एक शानदार आतिशबाजी प्रदर्शन के साथ प्रकाशमान हो उठेंगे।

नगर के कैलेंडर का एक और प्रमुख आकर्षण ब्रिसएशिया है – एशियाई कलाओं और साँस्कृतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों और पहलों का हमारा वार्षिक प्रदर्शन। इसका आयोजन फरवरी से लेकर मार्च तक किया जाता है, इसलिए 2019 के लिए अपने विचारों के बारे में सोचने के लिए यह एक अच्छा समय है।

आयोजित की जाने वाली अन्य गतिविधियों के लिए इस सँस्करण में गतिविधि सूची देखें।

खराब मौसम ब्रिस्बेन की उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने का एक प्राकृतिक हिस्सा है। आँधी-तूफान का मौसम निकट आने के साथ अपने परिवार और संपत्ति को तैयार रखना महत्वपूर्ण होता है। सुरक्षा के सुझावों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

## नि:शुल्क आरक्षण के लिए सामुदायिक हॉल उपलब्ध

काउंसिल हॉल के नए पात्र उपयोगकर्ताओं को सितंबर में आरक्षण शुल्क की छूट दे रहा है।

आज ही अपने अगले मिलन आयोजन के लिए आरक्षण कराएँ। वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ या **3403 8888** पर कॉल करें।

BRISBANE CITY

*Dedicated to a better Brisbane*

## इस गर्मी के मौसम में पानी में मौज–मस्ती करें

शनिवार 22 सितंबर से कांउसिल के सभी 22 स्विमिंग पूल गर्मी के मौसम के लिए खुले रहेंगे।

हमने अपने पूलों और एक्वा पार्कों को गर्मी के मौसम के लिए तैयार करने में कड़ी मेहनत की है। इसमें खुलने के विस्तृत समय, सभी आयु–वर्गों के लिए फिटनेस गतिविधियाँ, अद्यतित सुख–साधन और पानी में खेलने की सुविधाएँ शामिल हैं।

तैराकी मौज–मस्ती करने और तंदुरुस्त बने रहने का एक बेहतरीन तरीका है, लेकिन पानी के अंदर आत्मविश्वास होना भी महत्वपूर्ण है। काउंसिल के पूल वयस्कों से लेकर बच्चों तक, सभी लोगों के लिए तैराकी सीखने की कक्षाएँ उपलब्ध कराते हैं।

हमारे पूल निवासियों और आगंतुकों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं, और पिछले साल तीस लाख से भी अधिक लोगों ने इनका प्रयोग किया था। ये एक ऐसी विशेषता हैं जो हमारे नगर को निवास करने, इसमें कार्य करने और यहाँ आराम करने के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाती है।

## बहुसाँस्कृतिक पुस्तकालय कार्यक्रम

क्या आपको पता है कि आप ब्रिस्बेन के सार्वजनिक पुस्तकालयों में अन्य भाषाओं में बच्चों की कहानियों के समय का आनंद उठा सकते/सकती हैं?

कुछ पुस्तकालय कोरियाई (गार्डन सिटी), कैंटोनीज़ (गार्डन सिटी), मंदारिन (गार्डन सिटी, सनीबैंक हिल्स) और स्पेनी (टूवॉन्ग) भाषाओं में नियमित रूप से कहानियों के समय आयोजित करते हैं, जबकि कुछ अन्य चुनिंदा पुस्तकालय पूरे साल भर इतालवी, वियतनामी और फ्रेंच भाषाओं में कहानियों के समय आयोजित करते है। आप 20 से भी अधिक भाषाओं में पुस्तकें, पत्रिकाएँ, डीवीडी और सीडी उधार ले सकते/सकती हैं।

पुस्तकालय अंग्रेज़ी साक्षरता में सुधार करने के लिए भी बेहतरीन संसाधन हैं। अंग्रेज़ी में बोलने का अभ्यास करने के लिए अंग्रेज़ी वार्तालाप समूह एक आरामदायक, मित्रवत वातावरण उपलब्ध कराते हैं, या फिर आप घर पर अपनी अंग्रेज़ी कुशलता में सुधार करने के लिए पुस्तकालय के कैटलॉग के माध्यम से इंटरैक्टिव शिक्षण संसाधनों को ऑनलाइन उधार ले सकते/सकती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए हमारा ऑनलाइन कैटलॉग **eLibCat** देखें।

## काउंसिल के साथ एक प्रशिक्षु व्यक्ति बनें

हमारा प्रशिक्षु कार्यक्रम आपको एक योग्य कारीगर के रूप में तैयार करने के लिए सहायता देने हेतु प्रशिक्षण और कार्य–अनुभव उपलब्ध कराता है। निर्माण–कार्य, मोटर वाहन और बागवानी सहित अन्य उद्योगों के लिए एप्रेंटिसशिप्स उपलब्ध हैं। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ–साथ प्रशिक्षु व्यक्ति नेतृत्व, संवाद और करियर प्रबंधन में भी कुशलताएँ विकसित करते हैं। वेबसाइट **brisbane.qld.gov.au** पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें व आवेदन जमा करें।

## अनुदान जल्द ही खुल रहे हैं

लॉर्ड मेयर के सामुदायिक वहनीयता और पर्यावरणीय अनुदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में सामुदायिक समूहों और गैर–लाभकारी संगठनों को वित्त–पोषण हेतु आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पर्यावरणीय अनुदान हमारे नगर में पर्यावरण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने वाले कार्य को समर्थन देते हैं, जबकि वहनीयता अनुदान संगठनों को अपनी सुविधाओं में ऊर्जा की खपत कम करने और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाने में सहायता देते हैं। दोनों अनुदानों के लिए आवेदन बुधवार 29 अक्तूबर को खुलेंगे और सोमवार 10 दिसंबर को बंद हो जाएँगे।

## गतिविधियाँ

**8 सितंबर – मत्सुरी ब्रिस्बेन** – माउंट ग्रैवेट्ट शोग्राउंड्स, दोपहर 12 बजे – शाम 5 बजे, **facebook.com/matsuri.brisbane** पर जाएँ।

**15 सितंबर – ऑस्ट्रेलिया मलेशिया व्यवसाय परिषद क्वींसलैंड बॉल** – ग्रैंड बॉलरूम, स्टैमफर्ड प्लाज़ा ब्रिस्बेन, शाम 6 बजे, **ambcq.yapsody.com** पर जाएँ।

**15 सितंबर – वियतनामी बाल चंद्र महोत्सव** – सीजे ग्रीनफील्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रिचलैंड्स, दोपहर 4.30 बजे – शाम 10 बजे, **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ।

**15 सितंबर – ज़िलमैर बहुसाँस्कृतिक महोत्सव** – ओ'कैल्लाघन पार्क, ज़िलमैर, सुबह 10 बजे – दोपहर 3 बजे, **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ।

**22 सितंबर – चीनी चंद्र महोत्सव** – चाइनाटाउन मॉल, फॉर्टिट्यूड वैली, दोपहर 4 बजे – रात 9 बजे, **brisbane.qld.gov.au** पर जाएँ।

**29 सितंबर – सनसुपर रिवरफायर** – साउथबैंक पार्कलैंड्स, शाम 7 बजे, **brisbanefestival.com.au**।

**3–7 और 12–14 अक्तूबर – ओक्टोबरफेस्ट** – ब्रिस्बेन शोग्राउंड्स, अलग–अलग समय, **oktoberfestbrisbane.com.au** पर जाएँ।

**5 अक्तूबर – हांगकांग ऑस्ट्रेलिया व्यवसाय संगठन (क्यूएलडी) व्यवसाय पुरस्कार गैला डिनर** – डब्ल्यू ब्रिस्बेन, ब्रिस्बेन सिटी, शाम 6.30 बजे, **hkaba.com.au/qld** पर जाएँ।

**7 अक्तूबर – मोज़ैक महोत्सव** – रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड, सुबह 10 बजे – शाम 5 बजे, **mdaltd.org.au/mosaic** पर जाएँ।

**12 अक्तूबर – भारत ऑस्ट्रेलिया व्यवसाय और समुदाय पुरस्कार** – ब्रिस्बेन सिटी हॉल, शाम 6.30 बजे, **iabca.com.au** पर जाएँ।

**14 अक्तूबर – फेस्टिटैलिया** – स्पेंसर पार्क, न्यूमार्केट, सुबह 11 बजे – शाम 6 बजे, **festitalia.com.au** पर जाएँ।

**3 नवंबर – फिएस्टा लैटिना** – रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड, दोपहर 12 बजे – शाम 8 बजे, **lacaqld.org.au** पर जाएँ।

**29 नवंबर – एशिया प्रशाँत स्क्रीन पुरस्कार** – ब्रिस्बेन कन्वेंशन एंड एक्ज़िबिशन सेंटर, साउथ ब्रिस्बेन, शाम 7 बजे, **asiapacificscreenawards.com** पर जाएँ।

**Brisbane City Council**
GPO Box 1434, Brisbane Qld 4001

**brisbane**
australia's new world city

NEWSLETTER SIGN-UP

यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है कि मुद्रण के समय जानकारी सही है।

brisbane.qld.gov.au
3403 8888
/BrisbaneCityCouncil
@brisbanecityqld
@brisbanecitycouncil

CA17-1136366-05-3707
© Brisbane City Council 2018